# कम्युनिटी कनेक्शन्स प्रोग्राम (सामुदायिक संबंध कार्यक्रम)

सहायता • संपर्क • समुदाय •

यह प्रोग्राम लोगों को अपने समुदाय, सामाजिक संपर्क समूहों और सेवाओं से जुड़ने में सहायता देता है।

मज़बूत संबंध होने से आपके कल्याण में सुधार हो सकता है और यह लम्बी-अवधि के लाभ प्रदान करता है।

**कम्युनिटी कनेक्शन्स कैसे काम करता है**

पूरे साउथ ऑस्ट्रेलिया में कम्युनिटी कनेक्शन्स प्रोग्राम पार्टनर लक्ष्य तय करने और अल्पावधि की सहायता देने या यदि आवश्यक हो तो आपको लम्बी-अवधि की सहायता से जोड़ने के लिए आपके साथ काम करते हैं।

जो लक्ष्य आप विकसित करते हैं, वे सामाजिक या कल्याण पर केन्द्रित हो सकते हैं। आप स्थानीय सामुदायिक गतिविधियों में भाग लेकर आत्म-विश्वास जगा सकते हैं, कोई नई रूचि या ऐसी रूचि अपना सकते हैं जो पहले कभी आपको पसंद थी, किसी सहायता समूह का पता लगा सकते हैं या आपको सेवाओं को रेफर किया जा सकता है।

कम्युनिटी कनेक्शन्स प्रोग्राम आपके बारे में है, और इसे आपके साथ तैयार किया गया है।

हमारे कुछ प्रतिभागियों की कहानियाँ जानकर यह पता लगाएँ कि **कम्युनिटी कनेक्शन्स** ने लोगों के जीवन में कैसे परिवर्तन किया है।

## मिलकर विविधता को अपनाना

हमारा प्रोग्राम उन विशिष्ट दृष्टिकोणों, परंपराओं और भाषाओं का सम्मान और इनकी कदर करता है जो हमारे समुदायों को संपन्न करती हैं।

## कम्युनिटी कनेक्शन्स किसके लिए है

- साउथ ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले लोगों के लिए।
- जिनकी आयु 18 से 64 साल के बीच है।
- जिन्हें अपने समुदाय, सामाजिक संपर्क समूहों और सेवाओं के साथ संबंध मज़बूत करने में सहायता की ज़रूरत है।
- जो नेशनल डिसेबिल्टी इंश्योरेंस स्कीम (NDIS) और My Aged Care के लिए पात्र नहीं हैं

## रिज़नल कॉर्डिनेटिंग पार्टनर से और अधिक जानकारी पाएँ

| दक्षिणी एडिलेड, उत्तरी एडिलेड | | |
|---|---|---|
| Anglicare SA | नॉर्थ<br>साउथ | 0481 476 561<br>0481 455 461 |
| **पश्चिमी एडिलेड, Limestone Coast, Murray and Mallee, Fleurieu/Kangaroo Island** | | |
| Skylight Mental Health | | 8378 4100 |
| **Eyre and Western, फार नॉर्थ, Yorke एंड मिड नॉर्थ** | | |
| Centacare Catholic Country SA | | 1800 759 865 |
| **Adelaide Hills, Barossa, लाइट एंड लोअर नॉर्थ** | | |
| Lutheran Community Care | | 8269 9300 |
| **पूर्वी एडिलेड** | | |
| Uniting Communities | | 8202 5291 |

**dhs.sa.gov.au/how-we-help/community-connections**

Government of South Australia

human services

Hindi / हिन्दी